प्रेस नोट थाना शिकोहाबाद दिनाँक 03-10-2024 जनपद फिरोजाबाद ।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम एवं एसओजी / सर्विलांस द्वारा 02 शातिर लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा व लूट का सामान बरामद ।

- **थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26-09-2024 को लूट की घटना कारित करने वाले रमाकान्त उर्फ धांसू यादव तथा फैजान को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा, जिंदा कारतूस एवं खोखा कारतूस बरामद ।**
- **अभियुक्त रमाकान्त उर्फ धांसू यादव थाना जसराना का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्ति अरांव की तरफ से आ रहे हैं, जिनके पास अवैध असलहा भी है । उक्त व्यक्ति लूट की घटना को कारित करने की फिराक में है । सूचना का संज्ञान लेकर थाना शिकोहाबाद पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा ग्राम मांडई के पास संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान अरांव की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रुकने का इशारा करने पर संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे । भागने के दौरान उनकी मोटर साइकिल फिसल कर गिर गयी । पुलिस टीम को नजदीक आते हुए देखकर उक्त मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति, पुलिस टीम पर अवैध असलहा से फायर करने लगे । पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में दोनों अभियुक्त घायल हो गये । घायलों के पास से 02 अवैध असलहा, 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, 01 पल्सर मोटरसाइकिल, लूट किये गये 9230 रूपये नगदी व 01 सोने की चैन बरामद हुई है । घायलों की पहचान 1.रमाकान्त उर्फ धांसू यादव पुत्र नरेश यादव निवासी नगला खुशहाल थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद, 2.फैजान पुत्र शमशाद निवासी मौहम्मद माह तेली गली कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुयी है जो कि दिनाकं 30-08-24 को ग्राम माँडई के पास हुई लूट तथा दिनाँक 26-09-2024 को सागर एन्क्लेव कस्बा शिकोहाबाद में हुई लूट में वांछित अभियुक्त है । पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण- पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनाँक 30-8-2024 को ग्राम माँडई के पास लूट की घटना को कारित किया था जिसका मु0अ0सं0 533/24 तथा दिनाँक 26-09-2024 को सागर एन्क्लेव में लूट की घटना को अंजाम दिया था जिसका मु0अ0सं0 582/24 धारा 310(2) बीएनएस0 थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत है। आज भी हम दोनों लूट की घटना को कारित करने के उद्देश्य से आये थे । चैकिंग के दौरान आज पुलिस टीम द्वारा हमें गिरफ्तार कर लिया गया है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रमाकान्त उर्फ धांसू यादव पुत्र नरेश यादव निवासी नगला खुशहाल थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।
2. फैजान पुत्र शमशाद निवासी मौहम्मद माह तेली गली कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. लूट किये गये 9230 रूपये।
5. लूटी गयी 01 पीली धातु (सोना) की चैन।
6. 01 काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल।